दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सांद राधेश्याम राठिया बाल-बाल बचे

**रायगढ़-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया एक हादसे में बाल-बाल बचे. जानकारी के मुताबिक, सांसद राठिया सरायपाली के अपेरा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. इस दौरान उनकी कार पर बिजली गिर गई. इस हादसे में एक व्यक्ति झुलस गया. वहीं सांसद सुरक्षित हैं. बिजली गिरने से कार खराब हो गई. इसके चलते सांसद ने कार को कार्यक्रम स्थल पर ही छोड़ दिया है. बताया जा रहा है कि बिजली गिरने के समय सांसद कार पर ही मौजूद थे. वे बाल-बाल बचे और सुरक्षित हैं. बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति झुलस गया है. उसका इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है.

### सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, शर्तों के साथ मिली जमानत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रहीं सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दे दी है। वे दिसंबर 2022 से कोयला लेवी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से रायपुर की सेंट्रल जेल में कैद थीं। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था, जो आज सुनाया गया। सौम्या चौरसिया पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत कोयला लेवी मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। दिसंबर 2022 में उनकी गिरफ्तारी के बाद से वे रायपुर की सेंट्रल जेल में कैद थीं। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर विचार करने के बाद शर्तों के साथ जमानत दी है। हालांकि, सौम्या चौरसिया फिलहाल जेल में ही रहेंगी, क्योंकि राज्य की भाजपा सरकार बनने के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक और मामला दर्ज किया है। इस नए मामले में भी कानूनी प्रक्रिया चल रही है, जिसके चलते वे जेल से बाहर नहीं आ सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से सौम्या चौरसिया को बड़ी राहत मिली है, लेकिन नए मामले के चलते उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

### लोको पायलट को पत्थर मारकर किया घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेल मंडल में ट्रेन के लोको पायलट को पत्थर मारकर घायल किया गया है. ये मालगाड़ी दल्लीराजहरा से आयरनओर लेकर निकली थी और मरौदा जा रही थी. रायपुर रेल मंडल के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घायल लोको पायलट का नाम थानेश्वर सिंह है। पत्थर गुड्स ट्रेन के इंजन का कांच फोड़ते हुए अंदर पहुंचा और लोको पायलट का सिर फट गया और वे घायल हो गए. उन्हें फस्ट एड उपलब्ध कराया गया है और आगे स्टेशन में अस्पताल लिए जाने की तैयारी है. सूत्र के मुताबिक ये हादसा करीब 2 बजकर 12 मिनट पर हुआ है।

### जिले में 1020.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 25 सितम्बर तक 1020.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 14.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1259.1 मिली मीटर, पुसौर में 1097.4, खरसिया में 977.6, घरघोड़ा में 1084.7, तमनार में 913.1, लैलूंगा में 910, मुकडेगा में 962.7, धरमजयगढ़ में 917.9 छाल में 1016.8 एवं कापू में 1065.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

---

गिरदावरी के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

# आरआई एवं पटवारी को शत-प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज तहसील रायगढ़ एवं पुसौर के विभिन्न ग्रामों में चल रहे है गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील रायगढ़ एवं पुसौर के ग्राम जोरापाली, कुसमुरा, कोड़ातराई एवं सुकुलभठली के विभिन्न खसरों के गिरदावरी कार्य का अवलोकन किया।

कलेक्टर गोयल ने एसएलआर, आरआई, पटवारियों को निर्देशित किया कि गिरदावरी की शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों द्वारा पूर्व वर्ष में लिए गए फसल एवं वर्तमान में लिए गए फसल एंट्री का अवलोकन किया। उन्होंने अंतर फसल की भी जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने राजस्व अधिकारियों को मैदानी अमले द्वारा किए गए कार्य को प्रमाणित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने गिरदावरी कार्य के अवलोकन के दौरान कुछ रकबों में विसंगतियां पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए सभी अधिकारियों को भौतिक सत्यापन कर अतिशीघ्र त्रुटि सुधार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने पटवारियों को गिरदावरी कार्य के दौरान किसानों के आधार एवं मोबाइल नंबर एंट्री शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौके पर सड़क, नहर, भू-अर्जन, गैर कृषि भूमि आदि पाए जाने पर अंकित करें। कलेक्टर गोयल ने भूस्वामीवार फसल अच्छादन की जानकारी का मिलान करते हुए सभी पटवारियों को गिरदावरी कार्य गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य के दौरान अवश्य रूप से फोटो लिया जाए। इस दौरान उन्होंने धान के अलावा लिए गए रकबा का निरीक्षण किया। उन्होंने डायवर्सन खसरों पर जीरो प्रविष्टि के निर्देश भी दिए।

इस दौरान ओआईसी भू-अभिलेख शशिकांत कुर्रे, तहसीलदार रायगढ़ शिव कुमार डनसेना, तहसीलदार पुसौर नेहा उपाध्याय, नायब तहसीलदार रायगढ़ तृप्ति चंद्राकर, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रियंका राठिया, आरआई नूतन पैकरा, पटवारी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## आयुष्मान पखवाड़ा के तहत स्कूलों में लगाया गया जांच शिविर



❐ सिकल सेल जांच व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**रायगढ़**

जिले में आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य उन सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन सुनिश्चित करना है, जो अब तक किसी कारणवश इस योजना से वंचित रह गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में विशेष आयोजन किया जा रहा है साथ ही घर-घर जाकर छूटे हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

उक्त अभियान में चिरायु टीम पुसौर द्वारा स्कूलों में जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की जा रही है और उन्हें आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में झलमला के मिडिल स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूक करने हेतु आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया और लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक किया।

---

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य

❐ सीईओ जिला पंचायत यादव ने ली मैदानी अमले की बैठक

**रायगढ़**




राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज जिले के समस्त सभी 7 ब्लॉक के मैदानी अमले बीपीएम, एसी, डीईओ एवं एडीईओ की बैठक हुई। सीईओ यादव ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को निचले स्तर तक पहुंचाना तथा ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के रूप में आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है।

समीक्षा बैठक में पहले तिमाही के सभी घटकों प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें मुख्य रूप से आज समस्त ग्राम में गरीबी मुक्त गांव थीम पर आधरित अंत्योदय दिवस आयोजित करने हेतु सभी को निर्देश दिए गए। बैठक में बिहान के अन्य घटकों की भी गहन समीक्षा की गई। जिसमें पीएलडी कार्ययोजना पर समीक्षा, आंतरिक अंकेक्षण, लोकोश प्रोफाईल एन्ट्री, परिवारों का समावेशन, सीएलएफ पंजीयन, बीमा प्रगति पर गहन समीक्षा लेकर उचित मार्गदर्शन दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य गरीब ग्रामीण लोगों को सतत आजीविका संवद्र्धन और बेहतर वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सक्षम प्लेटफार्म प्रदान करना है ताकि उनकी घरेलू आय को बढ़ाया जा सके। उक्त बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त अमला उपस्थित रहे।

---

## स्कूल एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का कलेक्टर गोयल ने किया औचक निरीक्षण, संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के दिए निर्देश

❐ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने टेस्ट सीरिज का अधिक से अधिक करें अभ्यास-कलेक्टर गोयल

❐ औरदा के स्कूल पहुंचे कलेक्टर गोयल ने बच्चों से की चर्चा, प्रश्न भी पूछे

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल विकासखंड पुसौर के ग्राम-औरदा में स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर गोयल निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने ग्यारहवीं के क्लास में पहुंचे। वहां उन्होंने बच्चों से उसके भविष्य की योजनाओं और तैयारियों पर चर्चा भी की। गणित और जीव विज्ञान के बच्चों ने बताया कि वे नीट तथा जेईई की तैयारी कर रहे है। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने बच्चों से विभिन्न प्रश्न किए जिसका उन्होंने उत्तर भी दिए। उन्होंने बच्चों के शंका का समाधान करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारियों के लिए टेस्ट सीरिज का अधिक से अधिक अभ्यास करने के साथ लाईब्रेरी का उपयोग करने को कहा। इस दौरान उन्होंने लाईब्रेरी का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली। अव्यवस्थित लाईब्रेरी को देख कलेक्टर गोयल ने परीक्षाओं के तैयारियों के अनुरूप विद्यार्थियों के लिए व्यवस्थित बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मौके पर कलेक्टर गोयल ने लैब का निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्रयोगशाला में उपलब्ध रसायन एवं करवाए जाने वाले प्रयोग की जानकारी ली। उन्होंने टॉयलेट का निरीक्षण करते हुए साफ -सफाई रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने हेल्थ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (उप स्वास्थ्य केंद्र) औरदा का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सेवाओं के संबध में जानकारी लेते हुए, ओपीडी पंजी का अवलोकन भी किया। कलेक्टर गोयल द्वारा दवाईयों एवं जांच उपकरण के संबंध में जानकारी लेने पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों के साथ ग्लूकोमीटर, हिमोग्लोबिन मीटर सहित अन्य जांच उपकरण उपलब्ध है। कलेक्टर गोयल ने संस्थागत प्रसव की जानकारी लेते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए।

---

## रायगढ़ पुलिस को मात्र 3 घंटे में लूट की कार बरामद करने में मिली सफलता

❐ दो डीएसपी के नेतृत्व में आरोपियों की धरपकड़ के लिए बनाई गई थी अलग-अलग टीमें

**रायगढ़**



कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में आज हुई कार लूट की घटना को रायगढ़ पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए महज 03 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक सुलझा लिया। कार लूट की घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने तुरंत जिले में नाकेबंदी कर सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वारदात की जानकारी दी गई। हेड क्वार्टर डीएसपी अखिलेश कौशिक और साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोतरारोड़, साइबर सेल और भूपदेवपुर की टीम गठित की गई और उन्हें तुरंत कार्रवाई में लगाया गया। पुलिस अधीक्षक पटेल स्वयं रेलवे स्टेशन पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज की जांच की, साथ ही टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस टीम ने सारंगढ़, सक्ती, कोरबा, झारसुगुडा पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया गया। एक टीम सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों के रूट और पहचान की पुष्टि की और सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ जानकारी साझा किया गया जिसमें रायगढ़ और सक्ती के बेहतर कॉडिनेशन और पुलिस की सघन नाकेबंदी में बाराद्वार-जैजेपुर मार्ग पर आरोपियों द्वारा कार को छोड़कर फरार हो गए। रायगढ़ पुलिस ने लूटी गई स्वीफ्ट डिजायर कार (सीजी 13बीए 5441) को बरामद कर लिया है और पीड़ित पंकज सिंह के रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में लूट का अपराध कायम कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

घटना का विवरण-

घटना की जानकारी के अनुसार, पीड़ित पंकज सिंह, पिता जितेंद्र सिंह (उम्र 39 वर्ष), निवासी आजमगढ़, उत्तर प्रदेश, जो वर्तमान में सोनकर पारा, थाना जूटमिल, रायगढ़ में रहते हैं, ने पुलिस को बताया कि वे अपनी कार किराए पर देते हैं और प्रतिदिन रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर अपनी स्वीफ्ट डिजायर कार (क्रमांक: सीजी 13 BA-5441) खड़ी करते हैं, जिसकी ड्राइविंग वह स्वयं करते हैं। आज दोपहर करीब 3:15 बजे, दो युवक (उम्र लगभग 25-30 वर्ष) कार किराए पर लेकर टीपाखोल, कोतरारोड़ जाने के लिए बुकिंग की। दोनों युवक पंकज की कार में बैठ गए, जिनमें से एक ड्राइवर सीट के बगल में और दूसरा पीछे बैठा था।

टीपाखोल पहुंचने के बाद, पीछे बैठे युवक ने अचानक धारदार हथियार निकालकर पंकज को धमकाया, जबकि दूसरे युवक ने पंकज को कार से बाहर धकेल दिया। इसके बाद दोनों आरोपी कार लेकर खरसिया-सक्ती की ओर फरार हो गए। पंकज ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

इस त्वरित और सफल ऑपरेशन में, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशों के तहत, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने काम किया। डीएसपी अखिलेश कौशिक और डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय ने टीम का नेतृत्व किया। जिला सक्ती के डीएसपी मनीष कंवर, थाना प्रभारी जैजेपुर निरीक्षक जितेन्द्र कोशले तथा रायगढ़ पुलिस टीम में थाना पभारी भूपदेवपुर निरीक्षक सीताराम ध्रुव, साइबर सेल के आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, प्रशांत पंडा, नवीन शुक्ला, यशवंत दुबे, तारीक अनवर, थाना कोतरारोड़ के प्रधान आरक्षक करुणेश राय, आरक्षक बाबूलाल पटेल, संदीप कौशिक, चंद्रेश पाण्डेय, प्रवीण राज, संजय केरकेट्टा शामिल थे। रायगढ़ पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की जा रही है, जो आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के उनके संकल्प को दर्शाता है।

---

## हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने की याचिका की खारिज

**बिलासपुर। आरएनएस**

छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। हाईकोर्ट की डिवीजनल बेंच ने एक बार फिर से परीक्षा रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया है, जिससे परीक्षा परिणाम जारी होने का रास्ता साफ हो गया है।

कोर्ट ने पहले शासन को 90 दिनों का समय देते हुए 10 सितंबर तक परीक्षा परिणाम जारी करने के निर्देश दिए थे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने अभ्यर्थियों को आश्वसान दिया है कि अधिकतम 2 सप्ताह के भीतर परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

**अभ्यर्थियों का धरना समाप्त-** अभ्यर्थियों ने लगभग 10 दिनों तक आमरण अनशन, मुंडन, कैंडल मार्च, और सडक़ों पर भीख मांग कर प्रदर्शन किया था। गृहमंत्री के आश्वसान के बाद अभ्यर्थियों ने अपना धरना समाप्त किया है।हाई कोर्ट का यह फैसला छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है।

छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थीयों के बड़ी राहत की खबर है। हाईकोर्ट की डिवीजनल बैंच ने स्ढ्ढ भर्ती परीक्षा रद्द करने की याचिका को एक बार फिर से खारिज कर कर दिया है। जिससे स्ढ्ढ भर्ती परीक्षा परिणाम जारी होने का रास्त साफ हो गया है। इसके पहले भी हाईकोर्ट की सिंगल बेंच और फिर डबल बेंच ने भी परीक्षा रद्द करने के लिए लगाई गई याचिका को खारीज कर दिया था। परीक्षा में असफल होने वाले अलग-अलग अभ्यर्थी परीक्षा रद्द करने की याचिका लगा चुके हैं जिसे कोर्ट ने खारीज कर दिया है। बता दें की कोर्ट ने शासन को 90 दिनों का समय देते हुए 10 सितंबर तक परीक्षा परिणाम जारी करने के निर्देश दिए थे।

---

## बाकारूमा परिक्षेत्र है हाथी प्रभावित क्षेत्र

❐ तेजपुर के ग्रामीणों को हाथी आवागमन की दी गई है सूचना

**रायगढ़**



वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि वनपरिक्षेत्र अधिकारी बाकारूमा के सूचनानुसार परिक्षेत्र सहायक बाकारूमा अंर्तगत तेजपुर परिसर के कक्ष क्रमांक 136 आर एफ में 25 सितम्बर 2024 को दोपहर 1 बजे शिवप्रसाद राठिया उम्र लगभग 21-22 वर्ष पिता मोहन राठिया साकिन सोहनपुर का अचानक सिसरिंगा बौकी मुख्यमार्ग में वन्यप्राणी हाथी के साथ मुठभेड़ हो जाने पर घायल कर दिया गया। उक्त घटना की सूचना मिलते ही उप वनमण्डलाधिकारी लैलूंगा, परिक्षेत्र अधिकारी बाकारूमा, परिक्षेत्र सहायक बाकारूमा एवं परिसर रक्षक तेजपुर मौके में पहुंचकर तत्काल घायल व्यक्ति को धरमजयगढ़ शासकीय अस्पताल पहुंचाये। जहां डॉक्टर द्वारा घायल व्यक्ति का परीक्षण करने उपरांत मृत होना बताया गया। मौका स्थल पर जंगली हाथी के पैरों के निशान पाया गया, मौका साक्ष्य में जंगली हाथी द्वारा घटना होना पाया गया। प्रकरण में अग्रिम जांच की कार्यवाही जारी है।

घटना के पूर्व मुनादी के माध्यम से ग्राम तेजपुर में ग्रामीणों को हाथी आवागमन की सूचना दी गई थी। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। धरमजयगढ़ वनमंडल का बाकारूमा परिक्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है, उक्त घटना क्षेत्रों में जंगली हाथी की विचरण की सूचना व्हाट्सअप तथा हाथी ट्रेकर दल के माध्यम से मुनादी से गांव को वन कर्मचारियों द्वारा घटना के पूर्व सूचित किया गया था। घटना उपरांत जंगली हाथियों के विचरण की जानकारी आस-पास के ग्रामीणों एवं वन क्षेत्रों में मुनादी एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से कराई जा रही है। ग्रामीणों को पुटु खुखड़ी आदि किसी भी अन्य कार्य हेतु वनों की ओर न जाने हेतु समझाईश एवं सूचना प्रतिदिन दिया जा रहा है तथा समूचे बाकारूमा क्षेत्र के वन अमले को हाई अलर्ट पर रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

---

## सीएमएचओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छपोरा व पीएम जन औषधि केंद्र पहुंचे

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छपोरा व पीएम जन औषधि केंद्र में औचक निरीक्षण करते हुए दवाईयों की अंतिम तिथि व उपयोग अनुसार दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रखने का निर्देश दिए ताकि आम जनता को समय से जेनेरिक दवाईयों का स्वास्थ्य लाभ मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ की बैठक लेकर मानक के अनुसार अपने संस्था में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम में आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिले में आयुष्मान पखवाड़ा के तहत झलमला स्कूल छात्र/छात्राओ का सिकलसेल जाँच व स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस पखवाड़े का उद्देश्य उन सभी पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन सुनिश्चित करना है, जो अब तक किसी कारणवश इस योजना से वंचित रह गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के सभी विकासखंडो में विशेष आयोजन करते हुए घर-घर जाकर छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हे। उक्त अभियान में चिरायु टीम पुसौर द्वारा स्कूलों में जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें आवश्यकतानुसार उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है इसी क्रम में मीडिल स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल में जागरूक करने हेतु आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र/छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़कर भाग लेते हुए लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक किया। साथ ही छात्र / छात्राओं को निम्न गतिविधियां कराई जा रही है। आयुष्मान भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व पुरूस्कार वितरण किया गया। पुसौर टीम बी में शासकीय प्राथमिक शाला सिंगपुरी में आयुष्मान पखवाड़ा आयोजन के तहत रैली निकाली गई एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480